सत्यमेव जयते

राजस्थान सरकार

प्रगति प्रतिवेदन

वर्ष 2011-2012

ध्येय : सभी के लिए खाद्य सुरक्षा

खाद्य, नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामले विभाग, राजस्थान

राजस्थान सरकार

प्रगति प्रतिवदेन
वर्ष 2011–12

खाद्य, नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामले विभाग

राजस्थान, जयपुर

—: अनुक्रमणिका :—

क्र.सं.	विवरण	पृष्ठ संख्या
1.	प्रस्तावना	1
2.	विभाग की स्थापना	1
3.	कार्य संपादन	2
4.	सार्वजनिक वितरण प्रणाली	2
5.	राशन कार्ड	3
6.	विभाग के अभिनव कार्य एवं योजनाएँ	4
7.	आवश्यक वस्तुओं का आवंटन, मापदण्ड एवं मूल्य	7
8.	चीनी	11
9.	केरोसीन	11
10.	एलपीजी	12
11.	उचित मूल्य दुकानों का आवंटन	13
12.	उपभोक्ता सुरक्षा	18
13.	उपभोक्ता संरक्षण	19
14.	राजस्थान राज्य खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति निगम का गठन एवं उद्देश्य	23
15.	वास्तविक आय–व्यय एवं संशोधित प्रावधान	26
16.	सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005	26
17.	परिशिष्ट– 1 से 5	28–44

प्रस्तावना

क्षेत्रफल की दृष्टि से राजस्थान देश का सबसे बड़ा राज्य है। विषम भौगोलिक परिस्थितियों के इस प्रदेश में अधिकांश भाग रेगिस्तानी और कम वर्षा वाला है। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार राज्य की जनसंख्या 686.21 लाख है। इस जनसंख्या में 515.40 लाख ग्रामीण और 170.81 लाख शहरी क्षेत्र की जनसंख्या सम्मिलित है। राज्य के सभी श्रेणी के परिवारों यथा– बीपीएल, एपीएल, अन्त्योदय आदि के लिए सार्वजनिक वितरण प्रणाली का क्रियान्वयन राज्य में आरम्भ से ही किया जा रहा है।

देश में सार्वजनिक वितरण प्रणाली का उद्गम 1960 के दशक में हुई खाद्यान्नों की अत्यधिक कमी से कमी वाले शहरी क्षेत्रों में खाद्यान्नों का वितरण करने पर ध्यान केन्द्रित करके हुआ था। इसके बाद हरित क्रांति के अंतर्गत चूंकि राष्ट्रीय कृषि उत्पादन में वृद्धि हुई थी, इसलिए सार्वजनिक वितरण प्रणाली का विस्तार 1970 और 1980 के दशकों मे आदिवासी ब्लाकों और अत्यधिक गरीबी वाले क्षेत्रों के लिए किया गया था। वर्ष 1992 तक सार्वजनिक वितरण प्रणाली विशेष लक्ष्यों के बगैर सभी उपभोक्ताओं के लिए एक सामान्य पात्रता योजना थी। सम्पुष्ट सार्वजनिक वितरण प्रणाली जून 1992 में सम्पूर्ण देश में प्रारंभ की गयी थी। लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली जून 1997 में प्रारंभ की गई थी।

विभाग की स्थापना

सार्वजनिक वितरण प्रणाली कमी का प्रबंध करने और उचित मूल्यों पर खाद्यान्नों का वितरण करने के लिए तैयार की गयी थी। पिछले कुछ वर्षों में सार्वजनिक वितरण प्रणाली देश में खाद्य अर्थव्यवस्था के प्रबंधन के लिए सरकार की नीति का महत्वपूर्ण अंग बन गई है। इसके अंतर्गत केन्द्र सरकार ने भारतीय खाद्य निगम के माध्यम से खाद्यान्नों की खरीद, भंडारण, ढुलाई और बल्क आवंटन करने की जिम्मेदारी ले रखी है। राज्य के अंदर आवंटन, गरीबी रेखा से नीचे के परिवार की पहचान करने, राशन कार्ड जारी करने और उचित मूल्य दुकानों के कार्यकरण का पर्यवेक्षण करने सहित प्रचलनात्मक जिम्मेदारी खाद्य विभाग की है।

राज्य में वर्ष 1964 तक खाद्य एवं सहायता विभाग एक संयुक्त विभाग के रूप में कार्यरत रहे। वर्ष 1964 से सहायता विभाग से अलग होकर खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग पृथक से अस्तित्व में आया। वर्ष 1987 से विभाग द्वारा उपभोक्ता संरक्षण से संबंधित कार्य भी संपादित किए जा रहे हैं। दिनांक 21 जून 2001 को विभाग का नाम **'खाद्य, नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामले'** विभाग किया गया।

विभाग द्वारा राज्य में सार्वजनिक वितरण प्रणाली का प्रभावी संचालन करने के साथ ही आवश्यक वस्तुओं की बाजार में उपलब्धता भी सुनिश्चित की जाती है। आवश्यक वस्तु

अधिनियम, 1955 एवं उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 के क्रियान्वयन संबंधित कार्य भी विभाग द्वारा किये जाते है। प्रमुख रूप से विभाग के कार्य इस प्रकार से हैं –

- लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली का संचालन एवं क्रियान्वयन।
- केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य पर भारतीय खाद्य निगम के लिए राज्य एजेन्सियों के मार्फत खाद्यान्नों की खरीद।
- आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के तहत केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा जारी आदेशों का प्रवर्तन।
- उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 का क्रियान्वयन एवं उपभोक्ता आन्दोलन को गति देने के लिए विभिन्न गतिविधियों का क्रियान्वयन।

कार्य संपादन

उपरोक्त उद्धेश्यों की प्राप्ति के लिए खाद्य, नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामले विभाग द्वारा निम्नलिखित कार्य संपादित किये जाते हैं:–

- भारत सरकार से लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत वितरण योग्य आवश्यक वस्तुओं का राज्य की मांग के अनुरूप आवंटन प्राप्त करना एवं आवंटित वस्तुओं को उचित मूल्य दुकानों के माध्यम से निर्धारित दरों पर उपभोक्ताओं को वितरण कराना,
- समर्थन मूल्य नीति के अन्तर्गत खाद्यान्नों यथा– गेंहूँ, जौ, मक्का, बाजरा व धान (पैडी) की कीमत निर्धारित मूल्यों से कम होने पर किसानों के हित में भारत सरकार द्वारा घोषित समर्थन मूल्य पर भारतीय खाद्य निगम के माध्यम से क्रय करने में सहयोग करना,
- आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 एवं इसके अन्तर्गत प्रसारित विभिन्न आदेशों के प्रवर्तन व कालाबाजारी निवारण एवं आवश्यक वस्तु प्रदाय अधिनियम, 1980 के आदेश के अन्तर्गत जमाखोरी व कालाबाजारी के विरूद्ध कार्यवाही करना,
- उपभोक्ता हितों के संरक्षण के लिए गठित राज्य आयोग एवं जिला मंचों की प्रशासनिक व्यवस्था संबंधी कार्य करना।
- उपभोक्ता आंदोलन को गति देने संबंधी कार्य करना।

सार्वजनिक वितरण प्रणाली

सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत खाद्यान्नों के मूल्यों में वृद्धि को नियंत्रित करने और उपभोक्ताओं के लिए खाद्यान्नों की पहुंच सुनिश्चित करने में पर्याप्त रूप से

योगदान दिया है। देश में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के बाद वर्ष 1997 में लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली प्रारंभ की गई थी।

सार्वजनिक वितरण प्रणाली के प्रमुख रूप से निम्न उद्धेश्य हैं–

- आवश्यक उपभोक्ता वस्तुओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना
- आवश्यक उपभोक्ता वस्तुओं के मूल्यों को स्थिर रखना।
- कुछ मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से समाज के कमजोर वर्गों को खाद्य सुरक्षा प्रदान करना।

लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत राज्य में गेहूँ, चावल, चीनी एवं केरोसीन तेल उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से वितरित किये जाते हैं। उक्त वस्तुयें निर्धारित मात्रा में निश्चित मूल्य लेकर उपभोक्ताओं को राशन कार्ड के आधार पर दी जाती हैं। भारत सरकार से खाद्यान्न आवंटित किए जाने के आदेशों के पश्चात राज्य के जिलों हेतु खाद्यान्न नियत अवधि में उठाव व्यवस्था के साथ उप आवंटन जारी किया जाता है। जिलों में जिला कलक्टर्स द्वारा तहसील /पंचायत समिति अनुसार किये गये आवंटन के आधार पर संबंधित थोक विक्रेता के माध्यम से आवंटित वस्तुएं उचित मूल्य दुकान तक पहुंचाई जाती है। राज्य में वर्तमान (दिसम्बर, 2011) में कुल 176 थोक विक्रेता है।

आवश्यक वस्तुओं के वितरण के लिए राज्य में कुल 24112 उचित मूल्य की दूकाने स्थापित है, जिनमे से 5499 शहरी क्षेत्र में एवं 18613 दुकाने ग्रामीण क्षेत्र में कार्यरत है। विभाग के आदेश 15.11.2002 द्वारा भारत सरकार के दिशा–निर्देशों के अनुरूप विशेष भौगोलिक परिस्थितियों में 2000 ईकाइयों पर भी उचित मूल्य की दुकान खोली जा सकती है। जिलेवार उचित मूल्य दुकानों की सूचना परिशिष्ठ "2" पर अंकित हैं।

लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के उपभोक्ताओं को खाद्यान्नों की पहुँच सुनिश्चित करने हेतु राज्य में राशन टिकिट व्यवस्था लागू की गई है ताकि खाद्य सामग्री की लाभार्थी तक पहुंच सुनिश्चित हो सके। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत 2011–12 में विभिन्न खाद्यान्न योजनाओं मे अप्रेल, 11 से दिसम्बर,11 तक आवंटन–उठाव परिशिष्ठ 1 "ब" पर अंकित है।

राशन कार्ड

राज्य में पृथक–पृथक श्रेणी के उपभोक्ताओं के लिये पृथक–पृथक रंगों के राशन कार्ड दिये जाने की व्यवस्था प्रकार है :–

योजना (परिवार)	राशन कार्ड का रंग	योजना की पात्रता (योग्यता)
1–एपीएल क–डबल गैस सिलेण्डर धारक ख–सिंगल गैस सिलेण्डर धारक	 नीला हरा	 सामान्य उपभोक्ता सामान्य उपभोक्ता

2– बीपीएल	गहरा गुलाबी	ग्राम सभा/नगर निगम/नगर पालिका द्वारा चयनित बीपीएल परिवार।
3–स्टेट बीपीएल	गहरा हरा	ग्राम सभा/नगर निगम/नगर पालिका द्वारा चयनित स्टेट बीपीएल परिवार।
4– अन्त्योदय अन्न योजना	पीला	ग्राम सभा/नगर निगम/नगर पालिका द्वारा चयनित अंत्योदय अन्न परिवार

राशन कार्डों की श्रेणीवार संख्या निम्नानुसार है :–

- ए.पी.एल. : 127.45 लाख
- बी.पी.एल. : 18.27 लाख
- स्टेट बीपीएल : 11.24 लाख
- अन्त्योदय अन्न योजना : 9.32 लाख
- अन्नपूर्णा : 1.05 लाख

विभाग के अभिनव कार्य एवं योजनाऐं

राज्य में राजस्थान लोक सेवाओं के प्रदान की गारन्टी अधिनियम, 2011 दिनांक 14.11.2011 से प्रभावी हो गया है। इस अधिनियम के अन्तर्गत विभाग से संबंधित राशन कार्ड जारी करने का बिन्दु है। इस अधिनियम, 2011 के सन्दर्भ में प्राप्त आवेदन पत्रों पर निर्धारित समयावधि में राशनकार्ड जारी करने की कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु विभागीय आदेश क्रमांक एफ 97(1)खावि/साविप्र/2010–11 दिनांक 11.11.2011 द्वारा सभी जिला कलक्टरों/ जिला रसद अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए हैं तथा राज्य में राशन कार्ड जारी करने के लिए निम्नांकित अधिकारियों को प्राधिकृत किया गया है :–

1.	जिला मुख्यालय नगरपालिका क्षेत्र में	जिला रसद अधिकारी/क्षेत्रीय रसद अधिकारी
2.	शेष नगरपालिका क्षेत्र में	नगरपालिका बोर्ड अधिशाषी अधिकारी/आयुक्त
3.	ग्रामीण क्षेत्र के लिए	विकास अधिकारी, संबंधित पंचायत समिति
4.	राज्य सरकार द्वारा विशेष रूप से अधिकृत कोई भी अन्य अधिकारी	

समस्त प्राधिकृत अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि प्राप्त आवेदन पत्रों पर नियमानुसार कार्यवाही कर उक्त अधिनियम के अन्तर्गत नियत 7 दिवस की अवधि में राशन कार्ड बनाये जाने की कार्यवाही सुनिश्चित करें। इस कार्य हेतु जिलों में उपलब्ध राशन कार्ड काम में लिये जावे। आवश्यकता होने पर स्वायत्तशाषी संस्थाओं/पंचायत समितियों/नगरपालिका/नगर परिषद द्वारा राशन कार्ड छपवाकर कार्यवाही सुनिश्चित की जावे।

राजस्थान लोक सेवाओं के प्रदान करने की गारंटी अधिनियम के क्षेत्राधिकार में दी जाने वाली सेवाएं, अवधि एवं उनके लिए निर्धारित किए जाने वाले पदाभिहित अधिकारी/सहायक पदाभिहित अधिकारी एवं अपीलीय अधिकारी का विवरण परिशिष्ठ "1" पर संलग्न है।

उपखण्ड अधिकारियों को खण्ड 8 व 9 के अधीन शक्तियॉं

विभाग द्वारा दिनांक 17.01.2012 को अधिसूचना जारी की जाकर जिला मुख्यालय को छोड़कर अन्य समस्त उपखण्ड अधिकारियों को अपने–अपने क्षेत्राधिकार में राजस्थान खाद्यान्न एवं अन्य आवश्यक पदार्थ (वितरण का विनियमन) आदेश, 1976 के खण्ड़ 8 और 9 के अधीन शक्तियॉं प्रदत्त की गई हैं, जिसके तहत अपने क्षेत्र के अन्तर्गत अनियमितता पाए जाने पर उचित मूल्य दुकान के प्राधिकार पत्र को निलम्बित कर सकेंगे एवं विभागीय प्रकरण दर्ज कर सकेंगे। समस्त उपखण्ड अधिकारी इस कार्य हेतु अपने क्षेत्र के अन्तर्गत 15 उचित मूल्य की दुकानों का मासिक निरीक्षण करेंगे।

विभागीय परिपत्र दिनांक 23.12.2011 द्वारा उपखण्ड अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया गया है कि वे सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत गेहूँ, केरोसीन एवं चीनी के अतिरिक्त फोर्टीफाईड आटा, आयोडिनयुक्त नमक, चाय आदि अन्य गैर पीडीएस सामग्री पर भी निगरानी रखेंगे।

गैस सिलेण्डर के 15 किमी. से अधिक दूरी पर अतिरिक्त परिवहन व्यय की समाप्ति

विभाग द्वारा आदेश दिनांक 23.12.2011 जारी करते हुए तेल विपणन कम्पनियों के रसोई गैस वितरकों को यह निर्देश जारी किए गए हैं, कि गैस वितरक 15 किमी. की परिधि से अधिक दूरी पर पंजीकृत उपभोक्ताओं के पते पर होम डिलीवरी करता है, तो उसे घरेलू गैस सिलेण्डर की निर्धारित दर रूपये 08/– प्रति सिलेण्डर से कोई अतिरिक्त परिवहन व्यय देय नहीं होगा अर्थात् निर्धारित खुदरा मूल्य पर ही वितरण किया जावेगा।

सार्वजनिक वितरण प्रणाली का कम्प्यूटरीकरण

लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत वितरण की जा रही खाद्य एवं अन्य पीडीएस सामग्री की लक्षित समूह तक पहूँच को सुनिश्चित करने तथा विपथन को रोकने के उद्देश्य से कम्प्यूटरीकरण का कार्य प्रारम्भ किया गया है। खाद्य एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के संयुक्त दल ने छतीसगढ़ राज्य का भ्रमण कर वहॉं अपनाई गयी कम्प्यूटरीकरण प्रक्रिया का अध्ययन किया। राजकॉम्प के द्वारा मै. अर्न्स्ट एण्ड यंग कम्पनी को विस्तृत प्रोजेक्ट रिपोर्ट बनाने हेतु नियुक्त किया गया, जिसके द्वारा विस्तृत प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार की जा चुकी है। छत्तीसगगढ़ पैटर्न पर राज्य के जयपुर, जोधपुर एवं उदयपुर जिले में बल्क एसएमएस व्यवस्था को लागू किया गया है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के समयबद्ध तरीके से कम्प्यूटराईज करने तथा प्रगति की समीक्षा करने हेतु मुख्य सचिव की अध्यक्षता

में राज्य स्तरीय उच्च समिति का गठन किया गया है जिसमें अतिरिक्त मुख्य सचिव (वित्त), शासन सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार, राज्य सूचना विज्ञान अधिकारी (एनआईसी) तथा अतिरिक्त खाद्य आयुक्त सदस्य हैं। इस उच्च स्तरीय समिति के सदस्य सचिव, प्रमुख शासन सचिव, खाद्य हैं।

ग्राम पंचायतों को अधिकार

विभागीय परिपत्र दिनांक 11.01.2012 द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली में पारदर्शिता एवं जवाबदेही लाने हेतु प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों के समस्त उचित मूल्य दुकानदार अपने संबंधित ग्राम पंचायत की प्रत्येक माह की 5 तारीख को आयोजित बैठक में गत माह के दौरान अपनी दुकान में वितरित होने वाली सभी पी.डी.एस. एवं गैर पी.डी.एस. सामग्री के आवंटन, उठाव, वितरण एवं माह के अन्त में शेष सामग्री की मासिक सूचना सहित आवश्यक रूप से उपस्थित होने एवं ग्राम पंचायत को उपरोक्तानुसार समस्त जानकारी उपलब्ध कराने तथा वितरण व्यवस्था का सत्यापन सरपंच, ग्राम पंचायत से कराने हेतु निर्देशित किया गया है।

शुद्ध के लिए युद्ध अभियान

राज्य सरकार द्वारा खाद्य पदार्थों की कालाबाजारी, जमाखोरी व मिलावट एवं दुरूपयोग को रोके जाने तथा प्रभावी नियंत्रण बनाये रखने के लिए दिनांक 22 जून, 2009 से "शुद्ध के लिए युद्ध अभियान" चलाया जा रहा है। उक्त अभियान के सार्थक परिणामों को देखते हुए जनहित में इस अभियान को निरन्तर चलाये जाने का निर्णय लिया गया है। यह अभियान खाद्य, उद्योग, कृषि, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, स्वायत्त शासन तथा पशु पालन एवं डेयरी विभाग के समन्वय से संयुक्त रूप से चलाया जा रहा है। इस अभियान के अन्तर्गत खाद्य विभाग नोडल विभाग के रूप में कार्य कर रहा है। 22 जून, 2009 से 30 दिसम्बर, 2011 तक "शुद्ध के लिए युद्ध अभियान" के अन्तर्गत की गई कार्यवाही का विवरण परिशिष्ठ – 1(अ) पर संलग्न है। दिनांक 06.02.2011 से पैट्रोलियम पदार्थों में मिलावट की जॉच हेतु तेल कम्पनियों के साथ संयुक्त जॉच अभियान प्रारम्भ किया गया, जिसके लिए मुख्यालय स्तर पर दो सतर्कता दल बनाये गये, जिनके साथ पैट्रोलियम पदार्थों की दो मोबाईल दल भी साथ रही।

फोर्टीफाईड आटा वितरण

राज्य सरकार ने गेहूँ के स्थान पर आटा वितरण योजना वर्ष 2009 में प्रारम्भिक तौर पर संभागीय मुख्यालयों से शुरू की, जिसे चरणबद्ध तरीके से सभी जिला मुख्यालयों, उपखण्ड, तहसील, पंचायत समिति, नगर पालिका मुख्यालयों पर आटा योजना का विस्तार किया गया। वर्तमान में राज्य के एपीएल श्रेणी के उपभोक्ताओं हेतु प्राप्त सम्पूर्ण गेहूँ का फोर्टीफाईड आटा तैयार कर वितरण किए जाने के निर्देश जारी किए गए हैं। फोर्टीफाईड

आटे में गेहूँ के आटा के अलावा पोषक तत्व यथा– आयरन, फौलिक एसिड तथा विटामिन बी12 मिलाये जाते हैं।

आवश्यक वस्तुओं का आवंटन, मापदण्ड एवं मूल्य

राज्य में लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत विभिन्न श्रेणी के लाभार्थियों निम्नलिखित प्रकार से खाद्यान्न एवं अन्य सामग्री उपलब्ध करायी जा रही है–

1. राज्य के बीपीएल एवं स्टेट बीपीएल परिवारों को मुख्य मंत्री अन्न सुरक्षा योजना के अन्तर्गत प्रति माह 25 किग्रा. गेहूँ 2 रूपये प्रति किग्रा. की दर से उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके अतिरिक्त राज्य के 7 जिलों यथा– बॉसवाड़ा, डूँगरपुर, उदयपुर, सिरोही, करौली, झालावाड़ तथा प्रतापगढ़ के बीपीएल एवं स्टेट बीपीएल परिवारों को प्रति माह 10 किग्रा. गेहूँ 4.75 रूपये प्रति किग्रा. की दर से उपलब्ध कराया जा रहा है।
2. अन्नपूर्णा परिवारों को प्रति माह 10 किग्रा. गेहूँ प्रति परिवार निःशुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है।
3. अन्त्योदय परिवारों को प्रति माह 35 किग्रा. गेहूँ 2 रूपये किग्रा. की दर से प्रति परिवार उपलब्ध कराया जा रहा है।
4. एपीएल परिवारों को 'पहले आओ पहले पाओ' सिद्धान्त के आधार पर प्रति माह 15 किग्रा. गेहूँ अथवा 20 किग्रा. फोर्टीफाईड आटा निर्धारित दर पर उपलब्ध कराया जा रहा है।
5. बी.पी.एल. परिवारों (अन्त्योदय अन्न योजना चयनित परिवारों सहित) को चीनी 500 ग्राम प्रति ईकाई प्रति माह, रूपये 13.50 प्रति किलोग्राम की दर से वितरित की जाती है।
6. नीला केरोसीन (डबल गैस सिलेण्डर धारक को छोड़कर) सिंगल गैस सिलेण्डर धारक को 2 लीटर एवं शेष सामान्य राशन कार्डधारी उपभोक्ताओं को केरोसीन 3 लीटर प्रतिमाह प्रति राशन कार्ड पर उपलब्धता के आधार पर समान मात्रा में 15.25 रूपये प्रति लीटर की दर से उपलब्ध कराया जाता है।

एपीएल परिवारों को खाद्यान्न आवंटन

सामान्य वर्ग के लोगों को एपीएल श्रेणी का माना गया है। वर्तमान में राज्य के एपीएल परिवारों को इस विभाग द्वारा खाद्यान्न का आवंटन किया जा रहा है। लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत एपीएल परिवारों को 15 किलो. गेहूँ अथवा 20 किलो. आटा "पहले आओ, पहले पाओ" के सिद्धान्त के आधार पर प्रति परिवार प्रतिमाह उपलब्ध करवाया जा रहा है। वर्तमान में सभी जिला रसद अधिकारियों को एपीएल गेहूँ के स्थान पर सम्पूर्ण मात्रा का फोर्टीफाईड आटा वितरण करने के निर्देश जारी किए गए हैं।

वर्तमान में केन्द्र सरकार द्वारा राज्य के एपीएल परिवारों के लिये 64,360 मैं. टन गेंहूँ प्रतिमाह आवंटित किया जा रहा है तथा इसके अलावा विशेष तदर्थ आवंटन में 32,180 मै.टन प्रति माह अतिरिक्त गेहूँ प्राप्त हो रहा है जिसे राज्य के सभी लाभार्थियों को वितरण किया जा रहा है।

पूर्व में एपीएल विशेष तदर्थ टीपीडीएस आवंटन में 1,00,000 मै. टन एक मुश्त गेहूं अगस्त, 2011 से दिसम्बर, 2011 तक की अवधि हेतु प्राप्त हुआ था, जिसे राज्य के सभी लाभार्थियों में गेहूँ एवं आटे के रूप में वितरण कराया गया।

बीपीएल परिवारों हेतु खाद्यान्न का आवंटन

सार्वजनिक वितरण प्रणाली व्यवस्था में सुधार किये जाने के परिप्रेक्ष्य में राज्य में दिनांक 10 मई, 2010 से "मुख्यमंत्री अन्न सुरक्षा योजना" का शुभारम्भ किया गया है। इस योजना में राज्य के बी.पी.एल एवं स्टेट बीपीएल वर्ग के परिवारों को अन्न सुरक्षा प्रदान करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता के आधार पर 2 रूपये प्रति किलोग्राम की दर पर 25 कि.ग्रा गेहूँ प्रति परिवार प्रति माह उपलब्ध करवाया जा रहा है। इस योजना के अन्तर्गत राज्य के 38.83 लाख बीपीएल तथा स्टेट बीपीएल परिवारों को लाभान्वित किया जा रहा है। इस मद में राज्य सरकार द्वारा प्रति वर्ष लगभग 350 करोड़ रूपये खर्च वहन किया जा रहा है। बजट घोषणा 2011–12 के अनुसार बीपीएल/स्टेट बीपीएल में नये जुड़े परिवारों को इस योजना के अन्तर्गत खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाना आरम्भ किया जा चुका है।

राज्य को बीपीएल परिवारों हेतु भारत सरकार से नियमित योजनान्तर्गत 52,461 मै.टन गेहूँ प्रति माह 4.15 रूपये प्रति किलो. की निर्गम दर पर प्राप्त हो रहा है। वित्तीय वर्ष 2011–12 में बीपीएल लाभार्थियों हेतु विशेष तदर्थ अतिरिक्त आवंटन के रूप में 1,86,420 एवं 50,000 मै.टन गेहूँ का एक मुश्त आवंटन प्राप्त हुआ, जिसका राज्य के सभी बीपीएल एवं स्टेट बीपीएल परिवारों में समानुपातिक रूप से वितरण करवाया गया। इसके अतिरिक्त राज्य के 7 जिलों यथा– बांसवाड़ा, डूँगरपुर, उदयपुर, सिरोही, करौली, झालावाड़ तथा प्रतापगढ़ के लिए माह अगस्त, 2011 से प्रति माह 8423 मै.टन अतिरिक्त गेहूँ प्राप्त हो रहा है जो राज्य के इन 7 जिलों के बीपीएल एवं स्टेट बीपीएल लाभार्थियों को उपर्युक्त 25 किलो. के अतिरिक्त 10 किलो प्रति माह 4.75 रूपये प्रति किलो. की दर से उपलब्ध कराया जा रहा है।

सहरिया/कथौडी जाति को निःशुल्क खाद्यान्न

माननीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा की गई बजट घोषणा के अनुसार राज्य के बांरा जिले के किशनगंज एवं शाहबाद पंचायत समिति की सहरिया जनजाति के 18748 परिवारों तथा उदयपुर जिले के कथौडी जनजाति के 1080 परिवारों को 35 कि.ग्रा गेंहूँ निःशुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है। इस मद में प्रतिवर्ष लगभग 2.60 करोड़ रूपये का व्यय वहन किया जा रहा है।

अन्त्योदय अन्न योजना

यह योजना मार्च, 2001 में प्रारम्भ की गई है जो राज्य के ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के निर्धनतम वर्ग को खाद्यान्न सुरक्षा उपलब्ध कराती है। इस योजना के अन्तर्गत राज्य के चयनित अन्त्योदय अन्न परिवारों को प्रति माह 35 किलो. ग्राम गेहूँ 2 रूपये प्रति किलो की दर से उपलब्ध कराया जा रहा है।

योजना में प्रारंभ से लाभान्वितों का विवरण निम्नानुसार है –

चयन हेतु अनुमत संख्या		चयनित परिवार (लाख)
सामान्य	3,72,600	3,72,600
प्रथम विस्तार 2003–2004	1,86,500	1,86,500
द्वितीय विस्तार 2004–2005	1,79,000	1,79,000
तृतीय विस्तार 2005–2006	1,94,000	1,94,000
महायोग	9,32,100	9,32,100

अन्त्योदय परिवारों हेतु भारत सरकार से प्रति माह 32,624 मै.टन गेहूँ का आवंटन नियमित रूप से प्राप्त हो रहा है जिसका राज्य के सभी अन्त्योदय परिवारों में वितरण करवाया जा रहा है।

अन्नपूर्णा योजना

राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम (NSAP) के अंतर्गत 65 वर्ष से अधिक आयु के असहाय वृद्ध व्यक्तियों को जो वृद्धावस्था पेंशन प्राप्त करने के पात्र हैं, लेकिन उन्हें राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन अथवा राज्य वृद्धावस्था पेंशन दोनों में से कोई भी नहीं मिल रही है, ऐसे पात्र व्यक्तियों को अधिकारिता पत्र (गुलाबी रंग का प्राधिकार पत्र) के आधार पर 10 किलोग्राम गेहूँ प्रति माह निःशुल्क दिये जाने का प्रावधान है। इस योजना अन्तर्गत चयनित व्यक्तियों को गेहूँ का वितरण प्रति माह किया जाता है। वर्तमान में वर्ष 2001–02 में चयनित व्यक्तियों के लिए ही भारत सरकार द्वारा खाद्यान्न उपलब्ध कराया जा रहा है।

योजना में लाभान्वितों का विवरण निम्नानुसार है :–

चयनित वर्ष	चयनित लाभान्वित संख्या	10 किलो प्रति माह के अनुसार मांग (kg. प्रति माह)	वर्तमान आवंटन (प्रति माह.) (मै. टन)	दर
2001–02	105293	1052930	848.281	निःशुल्क

योजना में 2011–12 में आवंटन एवं उठाव **परिशिष्ठ – 1"ब"** एवं योजनावार परिवारों की सूची **परिशिष्ठ – 1"स"** पर स्थित है।

राशन टिकट योजना

लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत बीपीएल, अन्त्योदय योजना के राशन कार्डधारकों एवं अन्नपूर्णा के अधिकार पत्रधारियों को वितरित किये जाने वाले खाद्यान्नों को लक्षित समूह तक पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से राशन टिकिट योजना लागू की गई है। बीपीएल, स्टेट बीपीएल, अन्त्योदय एवं अन्नपूर्णा योजना के पूर्व अंकित मात्रा के राशन टिकिट वर्ष 2011–12 के लिए सभी जिला रसद अधिकारियों को वितरण किये जाने हेतु उपलब्ध कराये जा चुके हैं, जिन पर खाद्यान्न वितरण किया जा रहा है। बीपीएल /स्टेट बीपीएल/अन्त्योदय अन्न योजना /अन्नपूर्णा योजना के उपभोक्ताओं द्वारा उचित मूल्य दुकानदार को राशन कार्ड के साथ राशन टिकिट उपलब्ध कराने पर ही खाद्यान्न उपलब्ध कराया जावेगा।

फूड स्टेम्प योजना

आपदा एवं प्रबन्धन एवं सहायता विभाग द्वारा वर्ष 2004 में "भूख से मुक्ति" हेतु फूड स्टेम्प योजना प्रारम्भ की गई थी जिसका क्रियान्वयन खाद्य विभाग द्वारा किया जा रहा है। इस फूड स्टेम्प योजना के अन्तर्गत समस्त ग्राम पंचायतों को 10–10 किलोग्राम के 100 फूड स्टेम्प प्रति वर्ष उपलब्ध कराये जा रहे हैं। खाद्यान्न के अभाव में भूख से पीड़ित किसी भी व्यक्ति को तात्कालिक सहायता के रूप में 10 किलोग्राम गेहूँ का फूड स्टेम्प दिया जाता है। इस फूड स्टेम्प के आधार पर पीड़ित व्यक्ति उचित मूल्य की दुकान से बिना कोई भुगतान किये (निःशुल्क) 10 किलो गेहूँ वर्ष में एक बार प्राप्त कर सकता है।

समर्थन मूल्य के अन्तर्गत खरीद

किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य प्राप्त हो व अनुचित व्यापारिक प्रवृतियों से किसानों की सुरक्षा की जावे, इसी दृष्टिकोण को मद्देनजर रखते हुए भारत सरकार द्वारा समय–समय पर कृषि जिन्सों के समर्थन मूल्य की घोषणा की जाती है। विभाग द्वारा भारतीय खाद्य निगम के लिए राज्य एजेन्सियों के मार्फत न्यूनतम समर्थन मूल्य पर निम्न जिंसों की खरीद (प्रोक्योरमेंट) की जाती है–

रबी फसल– गेहूँ व जौ, धान (पैडी)

खरीफ फसल में मोटे अनाज यथा बाजरा, ज्वार व मक्का

(अ) विपणन वर्ष 2010–11 एवं 2011–12 में भारत सरकार द्वारा रबी एवं खरीफ के लिए निम्न प्रकार समर्थन मूल्य घोषित किये गये हैं:–

(समर्थन मूल्य रूपये प्रति क्विंटल में)

		वर्ष 2010–2011	वर्ष 2011–12
रबी	गेहूँ	1100	1120
	जौ	750	780
खरीफ (मोटे अनाज)	बाजरा व ज्वार	880	980
	मक्का	880	980

भारतीय खाद्य निगम, राजफैड एवं तिलम संघ द्वारा राज्य में रबी विपणन वर्ष 2010–11 में 4,75,894 मै. टन गेहूँ एवं वर्ष 2011–12 मे 13,02,367 मै. टन गेहूं की समर्थन मूल्य पर खरीद की गई है। खरीफ विपणन वर्ष 2010–11 में बाजरा की 17.95 मै.टन एवं वर्ष 2011–12 में बाजरे की समर्थन मूल्य पर 94.65 मै.टन खरीद की गई।

(ब) पैडी (धान)–

पैडी/धान का समर्थन मूल्य भारत सरकार द्वारा वर्ष 2011–12 में निम्न प्रकार से निर्धारित किया गया–

धान	दर रूपये प्रति क्विंटल
कामन	1080
ग्रेड–ए	1110

चीनी

केन्द्र सरकार द्वारा राज्य को वर्ष 01.03.2000 की बीपीएल जनसंख्या के आधार पर फरवरी, 2001 से लगभग 7460 मै. टन लेवी चीनी का आवंटन प्राप्त हो रहा था, जिसे बीपीएल राशन कार्डधारकों (अन्त्योदय अन्न योजना चयन परिवारों सहित) को प्रति माह 500 ग्राम चीनी प्रति यूनिट 13.50 रूपये प्रति किलोग्राम की दर से उपलब्ध कराया जा रहा था। अप्रैल, 2011 से राज्य को 7464 मै. टन लेवी चीनी का आवंटन प्राप्त हो रहा है तथा अक्टूबर, 2011 व नवम्बर, 2011 में कमशः 10015 मै. टन व 10014 मै. टन चीनी का आवंटन प्राप्त हुआ है। इसमें सुरक्षा बलों का कोटा भी शामिल है। इसे सभी जिलों को समानुपातिक रूप से आवंटित कर दिया जाता है। वर्षवार चीनी के आवंटन एवं उठाव की स्थिति परिशिष्ठ – 1"द" पर संलग्न है।

विभागीय परिपत्र संख्या एफ. 17(45)खा.वि./विधि/76–ा दिनांक 24.02.05 द्वारा घर से दूर अध्ययनरत छात्रों को प्रति राशन कार्डवार 500 ग्राम की मात्रा में प्रति माह लेवी चीनी उपलब्ध कराई जाने का प्रावधान किया गया है। जिलों में छात्रों के राशन कॉर्ड बनाये जाने हेतु उनके संस्था/स्कूल/कॉलेज प्रमुखों को प्राधिकृति किया हुआ है तथा समस्त जिला रसद अधिकारियों को नोड़ल अधिकारी के रूप में नियुक्त किया हुआ है।

केरोसीन

राज्य में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत भारत सरकार के पैट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय, नई दिल्ली से माह जुलाई, 2011 से (त्रैमासिक रूप में) प्रति माह 42612 के.एल. केरोसीन का आवंटन प्राप्त हो रहा है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत प्राप्त नीला केरोसीन केवल खाना पकाने एवं रोशनी के उद्देश्य से वितरण कराया जाता है। प्राप्त आवंटन का एक निर्धारित प्रक्रिया के अन्तर्गत जिलों को उप आवंटन किया

जाता है। वर्तमान में रसोई गैस के डी.बी.सी. होल्डर्स राशन कार्डधारी उपभोक्ताओं को केरोसीन नहीं दिया जाता है। रसोई गैस के सिंगल गैस कनेक्शन राशन कार्ड उपभोक्ताओं को दो लीटर प्रति माह प्रति राशन कार्ड तथा शेष सामान्य राशन कार्डधारी उपभोक्ताओं को 3 लीटर प्रति माह प्रति राशन कार्ड की मात्रा में वितरण किया जाता है। वर्षवार केरोसीन के आवंटन व उठाव की सूचना **परिशिष्ठ 1"य"** पर संलग्न है।

केरोसीन का डायवर्जन रोकने के लिए केरोसीन के डीलरों को भूमिगत स्टोरेज टैंक बनाने के लिए आदेश जारी किए हुए हैं तथा जिला कलक्टर्स को भी यह निर्देशित किया हुआ है कि रूट चार्ट बनाकर जो भी टेंकर तेल कम्पनी से तेल लेकर रवाना होता है वह इसकी सूचना कलक्टर को दे और कलक्टर रूट चार्ट के अनुसार संबंधित तहसील /एस.डी.ओ. को निर्देश देवें कि टेंकर आ रहा है जिसका सत्यापन किया जावे और एस. डी.ओ. कम्प्यूटर से ट्रांसमिशन करेंगे कि कौन–सा टैंकर कब और कहॉ के लिए रवाना हो रहा है।

वर्तमान में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत केरोसीन का राज्य में समान दर से वितरण कराने हेतु माह जून, 2011 से केरोसीन की समान वितरण दर 15.25 रूपये प्रति लीटर कर दी गयी है।

केरोसीन अनुदान राशि बाबत पायलट प्रोजेक्ट योजना

भारत सरकार द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अनुदानित केरोसीन का लाभार्थियों को सीधे ही लाभ दिलाए जाने, कालाबाजारी एवं डाईवर्जन को रोके जाने के उद्देश्य से बजट घोषणा 2011–12 में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत अनुदानित केरोसीन के वितरण के स्थान पर अनुदान राशि का उपभोक्ताओं के बैंक खाते में सीधे ही हस्तानान्तरण करने के बारे में घोषणा की गई है। इस हेतु राज्य के अलवर जिले की कोटकासिम तहसील को पायलट प्रोजेक्ट में चयनित किया गया है तथा कोटकासिम तहसील में माह दिसम्बर, 2011 से पायलट प्रोजेक्ट प्रारम्भ कर दी गई है। दिनांक 03.02. 2012 तक 13700 खाते खुलवाए जा चुके हैं। प्रतिमाह के हिसाब से तीन माह (दिसम्बर, 2011 से फरवरी, 2012 तक के लिए) हेतु इन खातों में 15,25,920/– रूपये की अनुदानित राशि हस्तानान्तरित की जा चुकी है। इस कार्यक्रम का सॉफ्टवेयर तैयार करने हेतु आदेश दिए जा चुके हैं। इस प्रयोजना हेतु अलवर जिले को 55 लाख रूपये हस्तान्तरित किए जा चुके हैं।

एल.पी.जी.

घरेलू गैस रिफिल का राज्य में पंजीकृत उपभोक्ताओं की मांग के अनुसार नियमित रूप से उपलब्धता के संबंध में राज्य सरकार पूर्ण रूप से सतर्क है। घरेलू गैस का व्यावसायिक ईंधन के रूप में प्रयोग को रोकने के संबंध में राज्य सरकार द्वारा विभिन्न

प्रभावी कदम उठाये गये हैं तथा जिला प्रशासन एवं तेल कम्पनियों को निर्देशित किया गया है। सभी जिलों में मिठाई की दुकानों, रेस्टोरेंट, वाहनों में दुरूपयोग आदि पर घरेलू गैस सिलेण्डरों का उपयोग करने पर द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (प्रदाय और वितरण का विनियमन) आदेश, 2000 के अंतर्गत कार्यवाही कर प्रकरण बनाये गये है। घरेलू गैस सिलेण्डर 14.2 किलोग्राम एवं वाणिज्यिक गैस सिलेण्डर 19 किलोग्राम में उपलब्ध हैं। राज्य में कुकिंग गैस (एलपीजी) का वितरण आईओसी, एचपीसी एवं बीपीसी तेल कम्पनियां कर रही हैं। उपरोक्त कम्पनियों से प्राप्त सूचना के अनुसार अक्टूबर, 2011 तक कुल 60,02,000 घरेलू गैस कनेक्शन हैं जिनमें से 32,45,000 डीबीसी एवं 27,57,000 सिंगल गैस कनेक्शन जारी किए हुए है।

राज्य स्तरीय समन्वयक एवं तेल विपणन कम्पनियों के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे उपभोक्ताओं को रसोई गैस की समुचित आपूर्ति करें तथा आवश्यकतानुसार उपभोक्ताओं को तत्काल नये गैस कनेक्शन जारी करें। साथ ही बैकलॉग खत्म किये जाने एवं सिलेण्डर पर टॉल फ्री नम्बर अंकित करने के निर्देश दिए गए। प्रदेश में गैस एजेन्सियों द्वारा नये गैस कनेक्शन जारी करने पर निर्धारित प्रतिभूति राशि के अतिरिक्त कोई अन्य वस्तु जैसे– हॉटप्लेट, प्रेशर कूकर, उपभोक्ताओं को चाय, चावल, चीनी, दाल, माचिस और साबुन इत्यादि लेने को मजबूर करने की शिकायत मिलने पर गैस एजेन्सी के विरूद्ध कार्यवाही की जाये तथा जुर्माना से लेकर लाईसेंस निलम्बित /निरस्त करने तक की कार्यवाही की जाये।

उचित मूल्य दुकानों का आवंटन

माह दिसम्बर, 2011 को कार्यरत उचित मूल्य की दुकानों की जिलेवार स्थिति परिशिष्ठ – 2 पर संलग्न है। उचित मूल्य की दुकान आँवटन के लिए रिक्त/उपलब्ध होने पर जिला रसद अधिकारी द्वारा सार्वजनिक विज्ञप्ति जारी कर आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। उचित मूल्य दुकानों के आवंटन के लिए जिला रसद अधिकारी की अध्यक्षता में उचित मूल्य दुकान आवंटन सलाहकार समिति गठित की हुई है। इस समिति का शहरी/ग्रामीण क्षेत्रो के लिए निम्न प्रकार गठन किया हुआ है:–

- नगरीय क्षेत्रों हेतु–

(क)	जिला रसद अधिकारी		अध्यक्ष
(ख)	नगर निगम/परिषद/पालिका के अध्यक्ष/प्रशासक या उनके द्वारा मनोनीत जनप्रतिनिधी/अधिकारी		सदस्य
(ग)	तहसीलदार		सदस्य
(घ)	राज्य सरकार द्वारा मनोनीत उसी क्षेत्र के–		
	(i) सामाजिक कार्यकर्ता	एक	सदस्य
	(ii) उपभोक्ता	एक	सदस्य
	(iii) महिला उपभोक्ता	एक	सदस्य

- ग्रामीण क्षेत्रों हेतु–

(क)	जिला रसद अधिकारी		अध्यक्ष
(ख)	संबंधित ग्राम पंचायत का सरपंच		सदस्य
(ग)	तहसीलदार		सदस्य
(घ)	राज्य सरकार द्वारा मनोनीत उसी क्षेत्र के–		
	(i) सामाजिक कार्यकर्ता	एक	सदस्य
	(ii) उपभोक्ता	एक	सदस्य
	(iii) महिला उपभोक्ता	एक	सदस्य

विभाग के परिपत्र क्रमांक एफ 17(1) खा.वि/विधि/2008 दिनांक 27.02..2009 के द्वारा आवंटन सलाहकार समिति के सदस्यों के मध्य किसी व्यक्ति /संस्था पर सहमति अथवा पात्रता के बारे में मतभेद होने पर कमेटी द्वारा की गई अभिशंषा को जिला कलक्टर के समक्ष प्रस्तुत किया जावेगा। जिला कलक्टर ऐसे प्रकरणो को स्वंय के स्तर पर गुणावगुण के आधार पर निर्णित करेगे। आवंटन सलाहकार समिति प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार कर अपनी अभिशंषा जिला कलक्टर को प्रस्तुत करेगी। व्यक्तिगत साक्षात्कार द्वारा आवेदकों के प्रार्थना पत्रो पर विचार के समय निम्न प्राथमिकता क्रम को ध्यान में रखा जायेगा।

1. "महिला स्वयं सहायता समूह जो राज्य सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग या अन्य किसी विभाग के अन्तर्गत राजकीय कार्यक्रमों के संचालन हेतु चयनित अथवा मान्यता प्राप्त हो।"
2. सहकारी समितियां (जो कि सहकारी अधिनियम के अन्तर्गत पंजीकृत हैं)
3. शिक्षित बेरोजगार
4. अनुसूचित जाति/जनजाति के व्यक्ति
5. महिलायें–विधवा एवं परित्यक्त महिलाओं को प्राथमिकता दी जावेगी।
6. भूतपूर्व सैनिक अथवा उनकी विधवा।
7. (i) जनजाति उपयोजना के अनुसूचित क्षेत्रों की उचित मूल्य दुकानों में से 40 प्रतिशत स्थानीय अनुसूचित जनजाति के आवेदकों को, 5 प्रतिशत अनुसूचति जाति के आवेदकों को और 5 प्रतिशत स्थानीय अन्य पिछड़ा वर्ग के आवेदकों को आवंटित की जावेगी।

   (ii) बारां जिले की किशनगंज एवं शाहबाद तहसील क्षेत्रों की उचित मूल्य दुकानों में से 40 प्रतिशत दुकानें स्थानीय सहरिया आदिम जाति के आवेदकों को, 5 प्रतिशत

स्थानीय अनुसूचित जाति के आवेदकों को और 5 प्रतिशत स्थानीय अन्य पिछड़ा वर्ग के आवेदकों को आवंटित की जावेंगी।

- उचित मूल्य दुकानदार की मृत्यु होने की स्थिति में उसके आश्रितों को प्राथमिकता क्रम के आधार पर उचित मूल्य दुकान आवंटित किये जाने का प्रावधान है।
- महिला स्वयं सहायता समूह जो राज्य सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग से पंजीकृत हों तथा सहकारी समितियाँ जो सहकारी अधिनियम के अन्तर्गत पंजीकृत हों, की भागीदारी बढ़ाने तथा माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा कम्प्यूटराईजेशन एवं अन्य महत्त्वपूर्ण निर्देशों की पालना सुनिश्चित करने हेतु रिक्त तथा नवसृजित उचित मूल्य दुकानों की आवंटन प्रक्रिया को विभागीय परिपत्र दिनांक 23.12.2011 के द्वारा वर्तमान में रोक दिया गया है।
- विभागीय परिपत्र दिनांक 04.01.2012 जारी करते हुए सभी जिला कलक्टर्स/जिला रसद अधिकारियों को निर्देशित किया गया है, कि वे अपने–अपने क्षेत्र के समस्त ग्राम सेवा सहकारी समितियों (जी.एस.एस.) को रिक्त उचित मूल्य दुकानों के संचालन हेतु नियमानुसार प्राधिकार पत्र जारी कर सकते हैं।
- विभागीय आदेश दिनांक 19.01.2012 जारी कर अब सम्पूर्ण राज्य में उपभोक्ता सप्ताह प्रत्येक माह की 24 तारीख से माह की अन्तिम तारीख तक मनाया जावेगा।

सतर्कता समितियॉ–

वितरण व्यवस्था पर निगरानी हेतु राज्य सरकार द्वारा विभिन्न स्तरों पर सतर्कता समितियों का निम्नानुसार गठन किया गया है–

(अ) **जिला स्तरीय सर्तकता समिति–**

जिला स्तरीय सतर्कता समिति में निम्नलिखित सदस्य होंगेः–

1.	जिला कलक्टर	अध्यक्ष
2.	जिले के समस्त सांसद	सदस्य
3.	जिले के समस्त विधायक	सदस्य
4.	जिला प्रमुख	सदस्य
5.	जिले के समस्त प्रधान (पंचायत समिति)	सदस्य
6.	जिले की समस्त नगरपालिकाओं, परिषदों/निगमों के अध्यक्ष/प्रशासक	सदस्य
7.	उपखण्ड अधिकारी/ तहसीलदार	सदस्य
8.	उपभोक्ता संगठनों के दो प्रतिनिधि (कलक्टर द्वारा मनोनीत)	सदस्य
9.	जिला रसद अधिकारी	सदस्य सचिव

इस समिति का क्षेत्र सम्पूर्ण जिला होगा।

(ब) तहसील स्तरीय सतर्कता समिति–

1.	प्रधान, पंचायत समिति	अध्यक्ष
2.	उपखण्ड अतिधकारी/ तहसीलदार (उपखण्ड मुख्यालय वाली तहसीलों में उप–अध्यक्ष संबंधित उपखण्ड अधिकारी होंगे एवं तहसीलदार मात्र सदस्य होंगे)	उप–अध्यक्ष
3.	स्थानीय निकाय (नगरपालिका) के दो सदस्य, जिनका मनोनयन अध्यक्ष, स्थानीय निकाय द्वारा किया जायेगा।	सदस्य
4.	पंचायत समिति के दो सदस्य, जिन्हें संबंधित प्रधान द्वारा मनोनीत किया जायेगा।	सदस्य
5.	स्थानीय विधायक	सदस्य
6.	विकास अधिकारी, पंचायत समिति	सदस्य
7.	दो उपभोक्ता (मनोनयन द्वारा)	सदस्य
8.	सामाजिक/उपभोक्ता संगठन के दो सदस्य (मनोनयन द्वारा)	सदस्य
9.	संबंधित प्रवर्तन अधिकारी/ प्रवर्तन निरीक्षक	सदस्य सचिव

इस समिति का कार्यक्षेत्र सम्पूर्ण तहसील क्षेत्र होगा। उपखण्ड मुख्यालय पर स्थित तहसीलों एवं अन्य तहसीलों में क्रमांक 7 – 8 सदस्यों का मनोनयन क्रमशः उपखण्ड अधिकारी/ तहसीलदार द्वारा किया जायेगा।

(स) उचित मूल्य दुकान स्तरीय सतर्कता समिति–

शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में उचित मूल्य दुकान स्तरीय सतर्कता समिति का गठन किया जावेगा, जिसमें निम्नलिखित सदस्य होंगेः–

(1) शहरी क्षेत्र के लिए–

(1)	वार्ड पार्षद		अध्यक्ष
(2)	सामाजिक कार्यकर्ता (दो)का मनोनयन	जिला मुख्यालय पर	सदस्य
(3)	उपभोक्ता (एक)	जिला कलक्टर द्वारा एवं अन्य	सदस्य
(4)	सेवानिवृत अधिकारी/ कर्मचारी (स्थानीय निवासी)	स्तर पर उपखण्ड अधिकारी द्वारा किया जायेगा।	सदस्य

(2) ग्रामीण क्षेत्र के लिए–

(1)	सरपंच		अध्यक्ष
(2)	उपभोक्ता (एक)	का मनोनयन संबंधित	सदस्य
(3)	संबंधित विद्यालय का प्रधानाध्यापक/अध्यापक	उपखण्ड अधिकारी द्वारा किया जावेगा।	सदस्य

(4) सेवानिवृत अधिकारी/कर्मचारी (स्थानीय निवासी) सदस्य

(5) उपभोक्ता /सामाजिक संगठन का कार्यकर्ता सदस्य

(6) पॉच (एक) सदस्य

विभागीय परिपत्र दिनांक 11.01.2012 के द्वारा जिला एवं तहसील स्तर की निगरानी समितियों को प्रभावी बनाते हुए उपभोक्ता सप्ताह के पश्चात् प्रत्येक माह में जिला स्तरीय सतर्कता समिति की बैठक माह के प्रथम सप्ताह में बुधवार को एवं तहसील स्तरीय सतर्कता समिति की बैठक माह के प्रथम सप्ताह में शुक्रवार को आवश्यक रूप से आहूत करने के निर्देश जारी किए गए हैं, जिसमें गत माह में राशन सामग्री के आवंटन, उठाव, वितरण की समीक्षा की जाती है। ये समितियॉ राशन सामग्री के संबंध में शिकायतों, आवश्यकताओं एवं समस्याओं के निराकरण के संबंध में भी अपनी टिप्पणी एवं सुझावों से राज्य सरकार को अवगत करायेंगी।

जनप्रतिनिधियों को उचित मूल्य दुकान की जांच करने हेतु अधिकार

राज्य सरकार द्वारा आदेश दिनांक 25.02.2011 जारी करते हुए उचित मूल्य की दुकानों पर निगरानीं हेतु जॉच एवं निरीक्षण के लिए उनके निर्वाचन क्षेत्र में सभी समस्त सांसद, विधायक, नगर निगम के महापोर, नगर परिषद के सभापति, नगर पालिका के चेयरमेन, जिला प्रमुख एवं पंचायत समितियों के प्रधान, पंचायत समितियों के सदस्यगण, जिला परिषद सदस्य, नगर निगम/ नगर परिषद/नगर पालिका के पार्षद तथा ग्राम पंचायतों के सरपंच/ वार्ड पंचों को राज्य सरकार द्वारा प्राधिकृत किया गया हैं।

सार्वजनिक वितरण प्रणाली को प्रभावी बनाए जाने के क्रम में विभाग द्वारा निम्नांकित कदम उठाए गए है :–

- लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के उपभोक्ताओं को खाद्यान्न की पहुंच सुनिश्चित करने हेतु राज्य में राशन टिकिट व्यवस्था लागू की गई है।
- उचित मूल्य दुकानों के आवंटन हेतु नवीन दिशा–निर्देश दिनांक 27.02.2009 को जारी किये हुये हैं।
- शैक्षणिक योग्यता हेतु आवेदक के लिये 8वीं कक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए, लेकिन जनजाति उपयोजना क्षेत्र व बारां जिले की शाहबाद किशनगंज तहसीलों के लिए अनुसूचित जनजाति/सहरिया व्यक्तियों के लिये न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 5वीं कक्षा उत्तीर्ण का प्रावधान किया हुआ है।
- प्रवर्तन अधिकारियों/निरीक्षकों के निरीक्षण व भ्रमण को प्रभावी बनाना।
- नियन्त्रित वस्तुओं की उचित मूल्य दुकान पर पहुंच सुनिश्चित कराने एवं सार्वजनिक वितरण प्रणाली को और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से उचित मूल्य दुकान स्तर पर अनलोडिंग के

समय सतर्कता समिति के सदस्यों, पटवारी, ग्रामसेवक, सरकारी कर्मचारी अथवा किसी निगम या सहकारी संस्था के कार्मिक द्वारा सत्यापन कराये जाने के निर्देश जारी किये गये।

- सम्पूर्ण राज्य में उचित मूल्य दुकानों के खुली रहने के समय में एक रूपता की गई है:–

माह	समय
उपभोक्ता सप्ताह 24 से माह की अन्तिम तारीख तक	प्रातः 9 बजे से सांय 5 बजे तक
1 अप्रेल से 30 सितम्बर तक	प्रातः 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक
1 अक्टूबर से 31 मार्च तक	प्रातः 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक

साप्ताहिक अवकाश का दिन निर्धारित करने के लिए जिला कलक्टर को अधिकृत किया गया है। उपभोक्ता सप्ताह में कोई अवकाश नहीं रहेगा।

राजस्थान व्यापारिक वस्तु (अनुज्ञापन तथा नियत्रंण) आदेश, 1980 के खण्ड 18 के उप–खण्ड (ii) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के अनुसरण में और केन्द्र सरकार की पूर्व सहमति से राज्य सरकार द्वारा जारी समसंख्यक अधिसूचना दिनांक 07.04.2011 को अधिक्रमित करते हुए किसी व्यवहारी एवं उत्पादक द्वारा किसी भी एक समय कब्जे में रखे जाने वाली सभी प्रकार की दालों (साबुत एवं दली हुई) की अधिकतम स्टॉक लिमिट एवं आवर्तन (टर्न ओवर) अवधि इसके द्वारा नियत की गई है जिसका विवरण **परिशिष्ठ 2"अ"** पर अंकित है।

उपभोक्ता सुरक्षा

उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 के प्रावधानों के अन्तर्गत राज्य स्तर पर राज्य आयोग एवं जिला स्तर पर सभी जिलों में जिला मंचों का गठन किया हुआ है। जयपुर जिले में 3 तथा जोधपुर जिले में 1 अतिरिक्त पूर्णकालिक मंच का गठन किया गया है। इस प्रकार वर्तमान में सभी 33 जिलों में पूर्णकालीन जिला मंच गठित है।

आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 तथा चोरबाजारी निवारण और आवश्यक वस्तु प्रदाय अधिनियम, 1980 के तहत कार्यवाही कर आवश्यक वस्तुओं की उचित मूल्य पर वितरण व्यवस्था को सुचारू रूप से रखने हेतु निरन्तर निगरानी की व्यवस्था है। इस कार्यवाही के तहत अप्रैल, 2011 से दिसम्बर, 2011 तक 358 छापे मार 168.94 लाख रूपये की आवश्यक उपभोक्ता सामग्री जब्त की गई। 132 व्यापारी के अदालत में चालान प्रस्तुत किये गये।

आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के तहत राज्य में वर्ष 2011–12 के दिसम्बर, 2011 तक की गई कार्यवाही का मानचित्र **परिशिष्ठ"3"** पर संलग्न है।

उपभोक्ता संरक्षण

उपभोक्ता आन्दोलन को गति प्रदान करने हेतु राज्य सरकार द्वारा विभिन्न प्रयास किये गये हैं, जिनका संक्षिप्त विवरण निम्न प्रकार है–

निर्धन/अक्षम उपभोक्ताओं के लिए विधिक सहायता योजना

उपभोक्ता संरक्षण कानून की सार्थकता निर्धन/अक्षम उपभोक्ता को इस कानून का लाभ प्रदान करने में निहित है। वैधानिक रूप से वकील की अनिवार्यता नहीं होने के बावजूद उपभोक्ता मामलो में वकील उपभोक्ता मंचों में उपस्थित हो रहे है। इन परिस्थितियों में ऐसे निर्धन/अक्षम उपभोक्ता जो कि वकील का खर्च वहन करने में असमर्थ है, उन्हें निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध करायी जा रही हैं।

इस उद्देश्य की पूर्ति के लिये निर्धन/अक्षम उपभोक्ताओं के लिये विधिक सहायता की एक योजना है। यह योजना राज्य के सभी जिला मुख्यालयों पर प्रारंभ की जा चुकी है। जिले के एक चिन्हित स्वैच्छिक उपभोक्ता संगठन को इस योजना के लिये 10 हजार रूपये की राशि उपलब्ध करा दी गयी है। इस राशि में से स्वैच्छिक उपभोक्ता संगठन प्रत्येक प्रकरण के लिये अधिकतम रूप से 300/– रूपये की विधिक सहायता संबंधित वकील को पारिश्रमिक एवं अन्य व्यय के लिए भुगतान करेगा। प्रकरण में निर्णय होने पर यदि निर्णय उपभोक्ता के पक्ष में होता है तो उपभोक्ता को क्षतिपूर्ति एवं वाद खर्च के रूप में जो राशि अप्रार्थी से प्राप्त होगी उस राशि में से स्वैच्छिक संगठन अपने द्वारा व्यय की गई राशि उपभोक्ता से प्राप्त कर रसीद देगे और इस प्रकार स्वैच्छिक उपभोक्ता संगठन के पास इस योजना के मद में रिवोल्विंग फण्ड बन सकेगा। स्वैच्छिक उपभोक्ता संगठन का चयन जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय समन्वय समिति द्वारा किये जाने का प्रावधान है। राज्य के समस्त जिलों में यह योजना लागू की जा चुकी है।

स्वैच्छिक उपभोक्ता संगठनों के सशक्तीकरण की योजना

